चाकू घोंपकर पत्नी की हत्या का प्रयास करने वाला पति गिरफ्तार

जयपुर । मुहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पत्नी की पीठ पर चाकू घोंप कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पति से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनन्द ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई

■ **शराब पीने का आदि है आरोपी, आपसी कहासुनी के बाद उसने नशे में हत्या की कोशिश की**

करते हुए पत्नी की पीठ पर चाकू घोंप कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी पति धनराज मीणा (34) निवासी नैनवा जिला बूंदी को गिरफ्तार किया गया है। शराब पीने का आदी धनराज मीणा मुहाना के श्रीराम विहार में पत्नी चंदा देवी (34) के साथ किराए से रहता है और उसकी एक साल पहले ही कोटा निवासी चंदा देवी से दूसरी शादी हुई थी। वह घर के पास ही स्थित एक्सपोर्ट की कपड़ा फैक्ट्री में काम करती है।

पीड़िता चंदा देवी ने पर्चा बयान किया कि उसका पति शराब पीकर आए दिन झगड़ा करता है। आठ अप्रेल को शराब पीकर रोज के झगड़े की आदत को लेकर गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन कुछ ही देर में आरोपित धनराज ने झगड़ा कर मारपीट करना शुरू कर दिया। चाकू उठाकर उसके पर हमला कर दिया। हाथ-पेट पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर लहूलुहान कर दिया। उसके बाद पीठ में चाकू घोंपकर भाग निकला। चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़कर आए पड़ोसियों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने पीड़िता के पर्चा बयान के आधार पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर गांव भागने की फिराक में आरोपी पति धनराज मीणा को पकड़ा।

मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पत्नी की हत्या की कोशिश करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार किया।

सड़क हादसे में दम्पति की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । हरमाडा इलाके में सीकर हाईवे पर गुरुवार देर रात बेटी को लेकर बाइक से लौटते दंपती ने रोड क्रॉस कर रहे राहगीर को टक्कर मार दी थी। इसके बाद बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर दंपती के उछलकर सिर के बल गिरने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल राहगीर व दंपती की बेटी को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में मुरलीपुरा के बंधु नगर निवासी मनोज कुमार (40) और उसकी पत्नी सुमन (38) की मौत हो गई। हादसे में राहगीर शिवम (18) और दंपती की बेटी वंशिका (13) घायल हो गए। मनोज प्राइवेट स्कूल में चालक की नौकरी करता था। जो गुरुवार को वह बाइक पर पत्नी व बेटी को लेकर खाटूश्यामजी गया था। देर रात वापस घर लौटते समय सीकर हाईवे पर अनोखा गांव में रोड क्रॉस कर रहे युवक से बाइक टकरा गई। बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे पति-पत्नी उछलकर सिर के बल रोड पर गिर जाने से दंपती, बेटी व राहगीर को हॉस्पिटल पहुंचाया। इलाज के दौरान मनोज व सुमन ने दम तोड़ दिया।

राजधानी में चेन स्नेचिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

पुलिस ने जयपुर में 10 कि.मी. तक की दूरी में लगातार 7 दिन तक 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों को पकड़ा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाली गैंग के मुख्य सरगना सहित उसके एक साथी को पकडा है।

साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई चेन सहित वारदात में प्रयुक्त चोरी की बाइक भी जब्त की है। आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने से पहले अपनी पहचान छुपाने के लिये

■ **बदमाशों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चोरी की बाइक व लूटी हुई चेन बरामद**

पावर बाइक चुराई और फिर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस टीम ने जयपुर शहर में 10 किलोमीटर तक की दूरी में लगातार सात दिन तक 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक कर वारदात का करने वालों को चिन्हित कर पकड़ा है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि गिरफ्तार मुख्य सरगना आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट,चैन स्नेचिंग चोरी/नकबजनी के कई प्रकरण जयपुर शहर व दिल्ली में अलग अलग थानों में दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगन्त आनन्द ने बताया कि शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाली गैंग के मुख्य सरगना उम्मेद सिंह उर्फ बंटी (35) निवासी चौमू जयपुर हाल मुहाना जयपुर और उसके साथी बुद्धि प्रकाश उर्फ राजेश (26) निवासी पचेवर जिला टोंक हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि आरोपित उम्मेद सिंह उर्फ बंटी आठ साल से हत्या के मामले में तिहाड़ जेल में बन्द था। जिसमें उसकी एक माह पहले ही जमानत हुई है।

उसके बाद वह किसी को बिना बताये अनजान जगह पर कमरा किराये पर लेकर रहने लग गया और पैसे की तंगी के कारण उसने बद्धी प्रकाश के साथ में मिलकर पहले तो वारदात करने के लिये एक पावर बाईक सांगानेर से चोरी की। इसके बाद बाईक को सुनसान जगह पर जाकर खड़ी कर दी।

इसके बाद उसी बाईक से पैदल चल रही महिला या राहगीरों का पीछा कर चैन तोडकर बाइक से गलियो से होते हये मुहाना मंडी की तरफ निकल जाते है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी हत्या,हत्या का प्रयास,मारपीट चोरी, चेन स्नेचिंग की कई वारदात करना कबूला है जिनमें कई बार जेल जा चुका है। आरोपित सुबह जल्दी घर से निकलते है और कॉलोनियों, गलियो व पार्कों के आस पास में घूमते रहते है।

अकेली महिला को देखकर चेन स्नेचिंग-मोबाईल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देकर गलियो से होते हुए निकल जाते है।

आरोपी पुलिस को गुमराह करने के लिये वारदात के समय हेलमेट लगाकर रखते है, जिससे वारदात के बाद पुलिस टीम को गुमराह रखने के लिये कंपनियों में घंटों तक चक्कर लगाते रहते है। ताकि सीसीटीवी फुटेज से रूट तय नहीं किया जा सके। जिससे पहचान नहीं हो सके। इसके अलावा आरोपी वारदात में बिना नम्बर व चोरी के वाहन का उपयोग करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

शिप्रापथ थाना पुलिस ने राहगीरों के गले से चेन तोड़ने वाली गैंग के मुख्य सरगना और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया।

मुहाना मंडी में थोक विक्रेताओं की बैठक

राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता का मुहाना मंडी में स्वागत किया गया।

जयपुर । जयपुर फल सब्जी आलू आढ़तिया महासंघ की ओर से राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता का मुहाना मंडी में स्वागत किया गया। इस मौके पर सब्जी थोक विक्रेता, फल थोक विक्रेता, आलू प्याज थोक विक्रेता के लगभग 100 व्यापारी एकत्रित हुए। बाबूलाल गुप्ता ने मंडी व्यापारियों के साथ मंडी का भ्रमण किया और मंडी में व्याप्त समस्याओं से रुबरू हुए।

इसके उपरांत सभी थोक विक्रेता संघों के पदाधिकारी एवं व्यापारियों के साथ एक सभा की गई, जिसमें मंडी में व्याप्त समस्याओं एवं उनके निवारण पर विचार विमर्श किया गया। इनमें फलथोक विक्रेता संघ के गोविंद चेलानी (अध्यक्ष), कैलाश फाटक (महामंत्री), राजेंद्र नारंग (उपाध्यक्ष) सब्जी थोक विक्रेता संघ के योगेश तंवर (अध्यक्ष), वासुमल हेमराजनी (संरक्षक) बबलू जी, सतीश रावत, बाबूलाल गुप्ता, आलू थोक विक्रेता संघ के मदन शर्मा (अध्यक्ष) ईश्वरदास तोतलानी (संरक्षक), दयानंद नेभनानी (संरक्षक) महेंद्र कुमार (महामंत्री) एवं अन्य व्यापारीगण शामिल हुए।

घर में घुसकर सिलेंडर चुरा ले गया बदमाश

जयपुर । सांगानेर थाना इलाके में घर में घुसकर चोर गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया है। पैदल आकर बदमाश ने घर में घुसकर रेकी की। पोर्च में रखे सिलेंडर को खोलकर उठा ले गया। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर की करतूत कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर गैस सिलेंडर चोर की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि सांगानेर की प्रेम कॉलोनी निवासी किशन यादव के घर चोरी की वारदात हुई है। जो मार्केट में शॉपिंग करने गए थे। पीछे से पैदल आकर मेन गेट खोलकर अंदर घुसे बदमाश ने रेकी की। घर की रेकी के बाद पोर्च में रखे गैस सिलेंडर को खोलकर चोरी कर ले गए। देर शाम लौटने पर गैस सिलेंडर गायब मिलने पर चोरी का पता चला। घर में लगे

■ **घर में लगे कैमरे में आरोपी की करतूत कैद हो गयी, अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को ढूंढ रही**

सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर सिलेंडर चोर की करतूत कैद मिली। दोपहर बाद एक लड़का पैदल घर का मेन गेट खोलकर अंदर घुसा। घर के अंदर घूमकर रैकी के बाद पोर्च में रखे गैस सिलेंडर को चुराने के लिए रेगुलेटर खोल दिया। महज 2 मिनट में इधर-उधर खड़े होकर निगरानी कर गैस सिलेंडर को उठाकर चोरी कर ले गया। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी है।

'अमूर्तवाद की क्रांति केवल कलात्मक आंदोलन नहीं यह चेतना का आह्वान'

जयपुर । कला का दायरा असीमित है, जहां से मानसिक सोच के तमाम दरवाजे बंद हो जाते हैं, वहीं से कला इंसानी सोच के एक नए दरवाजे को खोलती है और एक नया आकार लेती है। यह कहना है देश-दुनिया के नामी चितेरे अश्विनी कुमार पृथ्वीवासी का। उन्होंने मंगलवार को शहर में पत्रकारों से कलात्मक विचारों में एक आदर्श बदलाव जैसे अमूर्तवाद के क्रांतिकारी अवधारणा को लेकर विचार साझा किए।

दिल्ली के एमिनेंट आर्टिस्ट पृथ्वीवासी ने बताया कि मौजूदा दौर में कला काफी हद तक एक वस्तु बन गई है। इसका मूल्य वित्तीय लाभ और बाजार के रुझानों से मापा जा सकता है। गौरतलब है कि इस पृष्ठभूमि के खिलाफ कलाकार और शिक्षक अश्विनी कुमार पृथ्वीवासी एक क्रांतिकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने रचनात्मकता के वस्तुकरण को चुनौती दी है। साथ ही एक क्रांतिकारी नई अवधारणा - अमूर्तवाद को पेश किया है। उन्होंने कला के गहरे और संश्लिष्ट भावों से जुड़े सामाजिक बदलाव को कला की नई अनुभूति के रूप में परिभाषित करने की पुरजोर कोशिश की है।

पृथ्वीवासी ने बताया कि दुनिया के नामी फोटोग्राफर केविन कार्टर की खींची गई एक भुखमरी से पीड़ित सूडानी बच्चे की पुलित्ज़र पुरस्कार विजेता तस्वीर ने सामाजिक जिम्मेदारी की नई इबारत लिखी और बुनियाद रखी। केविन कार्टर की खींची गई गिद्ध और छोटी लड़की, 1993 शीर्षक से तस्वीरों ने भी इंसानी सोच की अंदरुनी तहों को भी छूआ। भुखमरी से पीड़ित सूडानी बच्चे की छवि ने अकाल के बारे में वैश्विक जागरूकता को प्रज्वलित किया।

सार-समाचार

गैस सिलेंडर चोर गिरोह का पर्दाफाश

जयपुर । करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर चोर गिरोह के दो शातिर चोरों को धर-दबोचा है और उनके पास से चुराए गए चौबीस घरेलू गैस सिलेंडर भी जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर चोर गिरोह के शातिर बदमाश बिलाल खान (31) निवासी सीकर हाल झोटवाडा और निशांत उर्फ निशु (23) निवासी भरतपुर हाल करधनी को गिरफ्तार किया गया है और उनके पा से घरों से चुराए गए चौबीस गैस सिलेंडर बरामद किए है। पुलिस जांच में सामने आया कि बिलाल खान पूर्व में एससी-एसटी एक्ट और पोक्सो एक्ट के मामले में चालान शुदा अपराधी है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

मालगाड़ी की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

जयपुर । बस्सी थाना इलाके में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर ट्रैक पार कर रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्राधिकार जीआरपी थाना पुलिस का होने पर सूचना दी। जीआरपी थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। हेड कांस्टेबल मुकेश ने बताया कि हादसे में बांदीकुई दौसा के रहने वाले रामेश्वर लाल शर्मा (75) की मौत हो गई। जो ट्रेन से अपने ससुराल जाने के लिए आए था। बांसखो रेलवे स्टेशन पर उतरकर रामेश्वर लाल रेलवे ट्रैक पार कर रहे था। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आई मालगाड़ी की चपेट में आ गए। ट्रेन से टकराने के चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन से रन ओवर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआयना कर मृतक की पहचान के बाद शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

चोरी के 4 वाहन जब्त, बदमाश गिरफ्तार

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने बजाजनगर थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक वाहन चोर को धर-दबोचा है और उसके पास से चोरी की चार दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवारिया ने बताया कि सीएसटी ने बजाज नगर थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर आकाश राय (23) निवासी कुंडीवाली जिला कूच (बिहार) हाल मालवीय नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी है। जो सुनसान इलाकों में खड़ी मोटरसाइकिल की रेकी करके मौका पाकर मोटरसाइकिल को चोरी करता है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना जवाहर सर्किल,बजाज नगर,वैशाली नगर और महेश नगर थाने में चोरी के प्रकरण दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ जारी है जिसमें और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

मोबाइल छीनने वाले दो बदमाश दबोचे

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) और मुहाना थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से छीने गए मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सीएसटी और मुहाना थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने वाले आकाश कुमार और लालूराम धोबी को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपी मुहाना इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास से छीने गए मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है।

शातिर भू-माफिया गिरफ्तार

जयपुर ग्रामीण जिले की मौखमपुरा थाना पुलिस ने फर्जी पट्टा जारी कर धोखाधड़ी करने वाले भूमाफिया को गिरफ्तार किया।

जयपुर । जयपुर ग्रामीण जिले की मौखमपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी पट्टा जारी कर धोखाधडी करने के मामले भू-माफिया और सोसायटी अध्यक्ष को गिरफ्तार किया गया है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि जयपुर ग्रामीण जिले की मौखमपुरा पुलिस ने फर्जी पट्टा जारी कर धोखाधडी करने के मामले भू-माफिया और गृह निर्माण सहकारी समिति अध्यक्ष विश्वंभर दलाल शर्मा निवासी आंधी जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफतार किया गया है। पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया कि 9 जुलाई 2023 पीडित राजकुमार निवासी रींगस ने मामला दर्ज करवाया था कि गोल्डन पार्क अजमेर रोड़ महला बदनपुरा फकीरों की डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर से वर्ष 2008 में अनिल कुमार कुत्सल वैशाली नगर जयपुर को 10, 40110 रूपये चैक व नकद से भुगतान करके एक 500 वर्ग गज का प्लाट खरीदा था। जिसका पट्टा उक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष विश्वंभर दयाल शर्मा द्वारा हस्ताक्षरशुदा जारी किया था। तत्पश्चात समिति की तरफ से अरूण शर्मा व समिति के मंत्री रणवीर शर्मा ने दूसरा पट्टा सुभाष यादव निवासी निवारू रोड़ की पत्नी सुशीला देवी को दे दिया था।

युवक के हाथ से मोबाइल छीन ले गया बदमाश

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । एसएमएस थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार सीकर निवासी प्रहलाद राय ने मामला दर्ज करवाया कि वह इलाज के लिए जयपुर आया था। एसएमएस अस्पताल के बाहर उसने कॉल करने के लिए जैसे ही फोन निकाला तो एक युवक आया और मोबाइल छीनकर बाइक पर बैठकर भाग गया। इस अप्रत्याशित घटना में पीड़ित बाइक के नम्बर नहीं देख पाया। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। दूसरी घटना में गोपालगढ़ भरतपुर निवासी अभिषेक रावत ने मुहाना थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से सुमेर नगर आया था। रात करीब 8 बजे पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर ले गया। इस अप्रत्याशित घटना में पीड़ित कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गया। इस पर पीड़ित थाने पहुंचा।

राजभवन में महात्मा फुले की जयंती मनाई

महात्मा फुले ने शिक्षा के जरिए मानव जीवन में उजियारा किया : राज्यपाल

जयपुर । राजभवन में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई गई। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा समाज को दिए महान अवदान का स्मरण किया।

राज्यपाल ने राजभवन में आयोजित अनौपचारिक समारोह में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती का दिन हमें उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा देता हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने समय की रूढ़ियों से ही मुक्ति नहीं दिलाई बल्कि शिक्षा के जरिए मानव जीवन में उजियारा किया। महात्मा फुले महान समाजसेवी, शिक्षाविद, लेखक और विचारक थे। ऐसे दौर में जब समाज जाति और लैंगिक भेदभाव से जूझ रहा था, तब महात्मा ज्योतिबा फुले ने सामाजिक न्याय, शिक्षा और मानवता के भले के लिए महती काम किया।

आर.यू.एच.एस. में मरीज के परिजन और वार्ड बॉय भिड़े

जयपुर । प्रतापनगर स्थित आर.यू.एच.एस. अस्पताल में देर रात आपसी कहासुनी के बाद मरीज के परिजनों और अस्पताल कर्मचारियों में झगड़ा हो गया। झगड़े में करीब महिला मरीज सहित करीब तीन लोग घायल हो गए। झगड़े घायल दो युवकों का एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को सपोटरा करौली निवासी खेलंती मीणा को उपचार के लिए परिजन लेकर आए थे। गुरुवार रात को ड्रिप लगाने की बात को लेकर परिजनों को वहां पर मौजूद नर्सिंग स्टाप से कहासुनी हो गई। कहासुनी ने झगड़े का रुप ले लिया। इसके बाद वार्ड बॉय, सुरक्षा गार्ड और अन्य अस्पताल स्टाप ने मिलकर मरीज और उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। मरीज के परिजनों ने स्वयं को एक कमरें में बंद कर लिया तो स्टाफ से गेट का शीशा तोड़कर पंखे सहित ड्रिप

■ **इस घटना में गार्ड-नर्सिंग कर्मी, महिला मरीज और दो अन्य लोग घायल हो गए**

चढ़ाने वाले लोहे के एंगल से उनके साथ मारपीट की। महिला मरीज का सिर फोड़ दिया तो वहीं परिजनों के शरीर पर गहरे घाव हो गए।

प्रतापनगर थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बताया कि रात को आरयूएचएस में मरीज के परिजन और अस्पताल स्टाप में आपस में झगड़ा हो गया था। झगड़े में घायल मरीज के दो परिजनों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। झगड़ा मरीज को देखने में लापरवाही बरतने की बात को लेकर हुआ था। मरीज के परिजनों ने नर्सिंग स्टाप पर नशे में होने का भी आरोप लगाया है। इस मामले में दोनों पक्षों की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। अस्पताल में तोडफोड़ करने जैसी बात सामने नहीं आई है। झगड़े को लेकर मरीज के परिजनों की तरफ से करौली निवासी मनीष मीणा और नर्सिंग स्टाप की तरफ से कुलदीप ने मामला दर्ज करवाया है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। अस्पताल स्टाप में से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

अस्पताल में घटना के दौरान 4-5 परिजन मौजूद थे। अस्पताल स्टाप से घिरता देखकर दो युवकों ने स्वयं को कमरें में बंद कर लिया तो दो युवक जान बचाकर बाहर की तरफ भाग निकले। अस्पताल के स्टाप ने दोनों युवकों का पीछा किया और द्रव्यवती नदी के पास पकड़कर उनके साथ मारपीट की। मरीज के परिजन अस्पताल से भागे दो युवकों की तलाश कर रही है।

हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर सरदार बावरिया पुलिस के हत्थे चढ़ा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । कालवाड पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले सांभर जिला जयपुर ग्रामीण के हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर सरदार बावरिया उर्फ बलराम को गिरफ्तार किया है और साथ ही इस वारदात में लिप्त दो बाल अपचारियों को निरुद्ध किया गया है।

पुलिस ने हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर से तीन चोरी की बाइक भी जब्त की है। हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर सरदार बावरिया के खिलाफ सांभर, जोबनेर, मारोठ जिला नागौर और नावा जिला डीडवाना-कुचामन में 12 स्थाई वांरटों में फरार चल रहा है। इसके अलावा लूट,नकबजनी,दुष्कर्म और चोरी के 16 मामले भी दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि कालवाड थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले सांभर जिला जयपुर ग्रामीण के हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर सरदार बावरिया उर्फ बलराम निवासी सांभर हाल कालवाड़ जयपुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही दो बाल अपचारियों को निरुद्ध किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपित हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर सरदार बावरिया गैग बना कर नाबालिग को साथ मिलकर रात्रि में चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। सरदार बावरिया गैंग का सरगना है जो अपना नाम-पता बदलकर रहता है और फिर चोरी और नकबजनी की वारदात करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।